संख्या-

प्रेषक,

मुकुल सिंहल,
अपर मुख्य सचिव,
कार्मिक विभाग,
उ 0 प्र 0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक जून, 2021

विषयः- विभागीय चयन समिति की बैठक आयोजित किये जाने हेतु कार्मिक विभाग को चयन प्रस्ताव यथाशीघ्र ई-आफिस के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या- 2/2021/66626-47-1099/4/2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उपर्युक्त के क्रम में मुझे पुन: यह कहने का निदेश हुआ है कि चयन वर्ष 2020-21 के रिक्तियों के सापेक्ष अवशेष चयन प्रस्ताव कार्मिक विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि दिनांक 30 जून, 2021 से पूर्व इस संदर्भ में विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न करायी जा सकें।

3- उपर्युक्त के अतिरिक्त आगामी चयन वर्ष 2021-22 जो जुलाई 2021 के प्रथम दिवस से आरम्भ हो जायेगा हेतु चयन के प्रस्ताव माह जुलाई, 2021 के प्रथम सप्ताह से हीं समस्त अभिलेखों सहित, ई-आफिस के माध्यम से कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकुल सिंहल)

अपर मुख्य सचिव।

Digitally signed by मुकुल सिंहल
Date:Wed Jun 09 16:15:50 IST 2021
Reason: Approved